# भिवाडी इंटिग्रेटेड विकास प्राधिकरण, भिवाडी

क्रमांक :- लेखा/2021-22/ दिनांक :- 06.09.2021

## ऑनलाईन निविदा सूचना संख्या 04/2021-22

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से भिवाडी इंटिग्रेटेड विकास प्राधिकरण, भिवाडी (बीडा) में उपयुक्त श्रेणी में एवं अन्य विभागों में 'ए' एवं 'एए' श्रेणी में एवं E-EWSD-I में पंजीबद्व संवेदको से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया से वेब साईट **http://eproc.rajasthan.gov.in** पर ऑनलाईन निविदाए आमंत्रित की जाती है। समस्त कार्यो के लिए धरोहर राशि कार्य की अनुमानित लागत पर बीडा में पंजीबद्व सक्षम संवेदक द्वारा 1/2 प्रतिशत राशि एवं अन्य विभागों में पंजीबद्व सक्षम संवेदक द्वारा 2 प्रतिशत राशि, निविदा शुल्क एवं प्रोसेसिंग शुल्क पृथक-पृथक रूप में **RTGS / NEFT** भिवाडी इंटिग्रेटेड विकास प्राधिकरण, भिवाडी (बीडा) के नाम अपलोड करने की अंतिम तिथि तक जमा करानी होगी।

| निविदा संख्या | ऑनलाईन निविदा विक्रय /डाउनलोड करने की तिथि | ऑनलाईन निविदा अपलोड/प्राप्ति अवधि | ऑनलाईन निविदा खोलने की तिथि |
|---|---|---|---|
| 4 | 10/09/2021 प्रातः 9.30 से 22/09/2021 सांय 4.00 बजे तक | 22/09/2021 सांय 4.00 बजे तक | 23/09/2021 को दोपहर 12.00 बजे |

निविदा का विवरण निम्न प्रकार है:-

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाखों में) | अमानत राशि 0.5% | अमानत राशि 2% | निविदा शुल्क | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बीडा भिवाडी में ट्री गार्ड उपलब्ध करवाने का कार्य। | 6.00 | 3000.00 | 12000.00 | 590.00 | 2 माह |
| 2 | नीमराणा में बावडी हेतु साईनेज लगवाने का कार्य। | 9.27 | 4635.00 | 18540.00 | 590.00 | 3 माह |
| 3 | बीडा कार्यालय व राजकीय आवास की साफ-सफाई एवं बागवानी इत्यादि का कार्य | 10.00 | 5000.00 | 20000.00 | 590.00 | वार्षिक अनुबंध |
| 4 | बीडा क्षेत्र में फ्लैक्स, स्टीकर, बुकलेट, विजिटिंग कार्ड, लैटरहैड, पैम्पलेट एवं बैनर डिजाईन एवं प्रिन्टिग का कार्य | 12.00 | 6000.00 | 24000.00 | 590.00 | द्विवार्षिक अनुबंध |
| 5 | बीडा भिवाडी के सैन्ट्रल पार्क में साफ-सफाई एवं फाउण्टेन चलाने का कार्य। | 15.00 | 7500.00 | 30000.00 | 590.00 | वार्षिक अनुबंध |
| 6 | बीडा भिवाडी के (बी.के.टी.) क्षेत्र में पेड लगाने एवं संधारण का कार्य। | 15.00 | 7500.00 | 30000.00 | 590.00 | द्वि-वार्षिक अनुबंध |
| 7 | बीडा कार्यालय की मरम्मत व अन्य कार्य। | 18.00 | 9000.00 | 36000.00 | 590.00 | वार्षिक अनुबंध |
| 8 | बीडा क्षेत्र भिवाडी में थर्मोप्लास्टिक पेन्ट का कार्य। | 26.00 | 13000.00 | 52000.00 | 590.00 | वार्षिक अनुबंध |
| 9 | गौरवपथ एवं भिवाडी मोड से मंशा चौक पर सौन्दर्यकरण का कार्य। | 26.44 | 13220.00 | 52880.00 | 590.00 | 4 माह |
| 10 | ग्राम मिलकपुर काली खोली पर निर्माणाधीन सब्जी मण्डी में शौचालय का निर्माण कार्य। | 15.40 | 7700.00 | 30800.00 | 590.00 | 4 माह |
| 11 | ग्राम मिलकपुर काली खोली पर निर्माणाधीन सब्जी मण्डी में चारदीवारी का निर्माण कार्य। | 50.00 | 25000.00 | 100000.00 | 590.00 | 4 माह |
| 12 | बीडा भिवाडी के बी.के.टी. क्षेत्र में इंटरलॉकिंग टाईल्स लगाने का कार्य। | 50.00 | 25000.00 | 100000.00 | 590.00 | वार्षिक अनुबंध |
| 13 | राजस्थान आवासन मण्डल अरावली विहार सैक्टर 11 से नगीना गार्डन होते हुये बीडा कार्यालय के पास हाईवे के पास आर.सी.सी. नाले के मध्य आर.सी.सी. नाला निर्माण कार्य। | 170.00 | 85000.00 | 340000.00 | 1180.00 | 8 माह |

निविदा की समान्य शर्तेः-

1 क्रम संख्या 8 पर अंकित कार्य की दोष निवारण अवधि (Defect Liability Period) 2 वर्ष होगी एवं क्रम संख्या 9, 10, 11, 12 एवं 13 पर अंकित कार्यो की दोष निवारण अवधि (Defect Liability Period) 5 वर्ष होगी।

2 परफोरमेन्स सिक्युरिटी अधीक्षण अभियन्ता बीडा भिवाडी के आदेश क्रमांक 3045/21 दिनांक 10.08.2021 में अंकित अनुसार जी-शिडयूल की राशि तथा संवेदक द्वारा जी-शिडयूल से कम दी गई दर पर आकलित राशि के अन्तर जितनी राशि निविदा की दर स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से 14 दिवस में आवश्यक रूप से जमा करानी होगी। निर्धारित समयावधि में राशि जमा नहीं कराने पर संवेदक की बिड सिक्यूरिटी जब्त कर ली जावेगी।

3 M-Sand नीती 2020 के अनुच्छेद की पालना में समस्त सी.सी. (सीमेन्ट कॉन्क्रीट) निर्माण कार्यो में M-Sand की न्यूनतम 25 प्रतिशत मात्रा का उपयोग किया जाना अनिवार्य है, अन्यथा नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी।

4 क्रम संख्या 13 पर अंकित कार्य के लिए Third Party (MNIT) की जॉच करवाने की व्यवस्था संवदक को करनी होगी एवं समस्त हर्जा-खर्जा संवेदक द्वारा वहन किया जावेगा।

5 समस्त सिविल कार्यो के क्रियान्वन के दौरान C & D waste management rules 2016 के प्रावधानो का पालन करना होगा। यथा निर्माण सामग्री का ढककर परिवहन किया जाना होगा साथ ही साईट पर ढककर रखवाना होगा। डेमोलिशन वेस्ट का उचित निस्तारण किया जाना होगा। साईट पर वायु प्रदूषण को रोकने के समस्त उपाय करने होगें। इस सभी शर्तो की पालना न किये जाने पर नियमानुसार शास्ति लगाई जावेगी।

6 धरोहर राशि जमा नहीं कराने की स्थिति में राजस्थान सरकार की अधिसूचना दिनांक 18.12.2020 अनुसार निर्धारित प्रपत्र में 50/- के स्टाम्प पेपर पर धरोहर राशि घोषणा पत्र प्रस्तुत करना होगा।

7 सभी संवेदको को कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व C & D waste management rules 2016 एवं Solid waste management rules की पालना किये जाने हेतु 500/- रूपये के स्टाम्प पर शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा। तत्पश्चात ही बिल का भुगतान किया जावेगा।

8 संवेदक को कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व 2 फोटो एवं कार्य समाप्त करने से के पश्चात 2 फोटो लगाने होगे एवं साईट पर कार्य प्रारम्भ करने का बोर्ड लगाना होगा।

9 निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण **http://eproc.rajasthan.gov.in** पर देखा जा सकता है। संवेदक द्वारा निविदा प्रपत्र बीडा कार्यालय मे निविदा विक्रय तिथि की अवधि में किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 11.00 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक देखा जा सकता है।

10 **प्रोसेसिंग शुल्क 50 लाख तक के कार्यो हेतु 590/- एवं 50 लाख से अधिक के कार्य हेतु 1180/- मय (जी.एस.टी.)** प्रत्येक कार्य का पृथक-पृथक भुगतान **RTGS / NEFT भिवाडी इंटिग्रेटेड विकास प्राधिकरण, भिवाडी (बीड़ा)** के नाम कराना होगा।

11 प्रत्येक निविदा की पृथक-पृथक धरोहर राशि व निविदा शुल्क का **RTGS / NEFT "Chief Executive Officer, BIDA Bhiwadi"** के नाम से ऑनलाईन निविदा फार्म विक्रय/डाउनलोड एवं अपलोड करने की अन्तिम तिथि तक का ही स्वीकार्य होगा। निविदादाता को **UTR NO. (UNIQUE TRANSACTION REFERENCE NUMBER) & Bank Statement** की प्रमाणित प्रति भी जिसमें प्रत्येक कार्य की पृथक-पृथक अमानत राशि, निविदा शुल्क एवं प्रोसेसिंग शुल्क **(MD RISL)** का भुगतान **भिवाडी इंटिग्रेटेड विकास प्राधिकरण, भिवाडी (बीड़ा)** के नाम किया गया है। निविदा के साथ अपलोड करना होगा। **(बीड़ा) भिवाडी** के खाते का विवरण निम्न प्रकार से है :-

**Name of Bank - ICICI BANK**
**Branch - Genesis Mall, Bhiwadi**
**Account No. - 349401000223**
**IFSC Code - ICIC0003494**

12 यदि किसी कारणवश उस दिन अवकाश रहता है तो अगले दिन उसी समय व उसी स्थान पर निविदाएं खोली जायेगी।

13 निविदा की समस्त प्रकिया ऑनलाईन होगी।

14 संवेदक द्वारा अपनी ईमेल आईडी, फोन नम्बर एवं वर्तमान पता उल्लेखित किया जाना अनिवार्य होगा, अन्यथा निविदा निरस्त कर दी जावेगी।

15 निविदा खोलने की तिथि को किसी कारणवश यदि सारी निविदाएं नही खोली जा सकती है तो उसके अगले कार्य दिवस को शेष निविदाएं खोलने का कार्य जारी रखा जायेगां।

16 राजस्थान भवन एवं अन्य सनिर्माण कर्मकार नियम 2009 के सम्बंध में जारी अधिसूचना दिनांक 30.04.2009 के अनुसरण में बीडा द्वारा कराये जा रहे निर्माण कार्यों के रनिंग/अन्तिम बिलों के भुगतान पर 1 प्रतिशत श्रम उपकर भी देय होगा। **GST** सम्बन्धी भुगतान का दायित्व संवेदक का होगा बीडा द्वारा पृथक से भुगतान नही किया जायेगा।

17 राज्य सरकार के नियमानुसार सभी संवेदको को एवं उनके अधीन कार्य करने वाले सभी श्रमिको का पंजीयन श्रम विभाग में किया जाना आवश्यक है।

18 उपरोक्त निविदा को बिना किसी कारण बताए निरस्त करने का अधिकार सक्षम अधिकारी को होगा।

19 सशर्त निविदाऐं मान्य नही होगी एवं निविदा वैद्यता **(Bid validity)** अवधि 90 दिवस तक मान्य होगी।

20 आर0पी0डब्ल्यू0ए0 – 100 की समस्त शर्ते लागू होगी।

21 **भिवाडी इंटिग्रेटेड विकास प्राधिकरण, भिवाडी (बीड़ा)** द्वारा अपलोड की गई समस्त शर्ते संवेदक को मान्य होगी।

-Sd-

**अधिशाषी अभियन्ता**
**भिवाडी इंटिग्रेटेड विकास प्राधिकरण**

क्रमांक/लेखा/निविदा/2021–22/3638-44/21 दिनांक 06/09/21

**प्रतिलिपि** :– निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:–

1 माननीय मिनिस्टर इन्चार्ज डी.एम.आई.सी. एवं अध्यक्ष महोदय, भिवाडी इंटिग्रेटेड विकास प्राधिकरण, जयपुर।
2 श्रीमान मुख्य कार्यकारी अधिकारी, भिवाडी इंटिग्रेटेड विकास प्राधिकरण, भिवाडी।
3 श्रीमान अधीक्षण अभियन्ता, भिवाडी इंटिग्रेटेड विकास प्राधिकरण, भिवाडी।
4 वरिष्ठ लेखाधिकारी, भिवाडी इंटिग्रेटेड विकास प्राधिकरण, भिवाडी।
5 सहायक अभियन्ता (सिविल), भिवाडी इंटिग्रेटेड विकास प्राधिकरण, भिवाडी।
6 संबंधित कनि0 अभि0, भिवाडी इंटिग्रेटेड विकास प्राधिकरण, भिवाडी।
7 कैशियर/नोटिस बोर्ड, भिवाडी इंटिग्रेटेड विकास प्राधिकरण, भिवाडी।

**अधिशाषी अभियन्ता**
**भिवाडी इंटिग्रेटेड विकास प्राधिकरण**